तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

11 भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर



11 माइंड फूलनेस का अभ्यास बहुत जरूरीः मलिक



## खबर संक्षेप

### खेत मे करंट लगने से किसान की मौत

**जींद।** गांव अनुपगढ़ में शुक्रवार को खेत में पानी देने गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। गांव तलोडा निवासी सोमबीर (36) ने गांव अनुपगढ़ में खेत ठेके पर लिए हुए हैं। शुक्रवार का सोमबीर धान फसल मे पानी देने गया था। उसी दौरान उसे करंट लगा। जिसमें उसकी मौत हो गई।

### बाइक-छोटा हाथी में टक्कर, एक की मौत

**जींद।** नरवाना उपमंडल के गांव मंगलपुर और डोहाना खेड़ा के बीच आज एक मोटरसाइकिल और टाटा छोटा हाथी (वाहन) के बीच भीषण भिड़ंत हुई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मंगलपुर का 19 वर्षीय अमन जो की डोहाना खेड़ा अन्य युवक के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था।

### चालीस हजार की नकदी सामान चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव सिंघाना में बीती रात चोरों ने मकान से 40 हजार रुपये की नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। सिंघाना निवासी कमला ने शिकायत में बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 40 हजार की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### चोरी के आरोपी गिरफ्तार चोरीशुदा सामान बरामद

**कैथल।** थाना गुहला क्षेत्र में एक घर से सामान चोरी करने के मामले में थाना गुहला पुलिस के एएसआई प्रभात द्वारा आरोपी गांव अगोंध निवासी प्रवीन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। एसएचओ गुहला इंस्पेक्टर सुनील ने बताया कि गांव सलेमपुर निवासी महिला कैलाशो देवी की शिकायत अनुसार 21 सितंबर को वह किसी काम से अपने रिश्तेदार के घर गई थी।

### दोस्त की पत्नी का किया यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद।** महिला का यौन शोषण करने तथा विरोध करने पर बच्चों को मारने की धमकी देने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसके पति की मौत हो चुकी है।

### गांव बदनारा से बदमाश बाइक छीनकर फरार

**कैथल।** गांव बदनारा से बदमाश एक व्यक्ति की बाइक छीन कर फरार हो गए। गांव रमाना रमानी के राजकुमार ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अक्टूबर को जब वह प्रात करीब 9:30 बजे बदनारा से गुजर रहा था तो अज्ञात बाइक छीन कर फरार हो गए। जांच अधिकारी उप निरीक्षक नवीन ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### धोखाधड़ी कर प्लाट करवाया पत्नी के नाम

**जींद।** सफीदों की अग्रसेन कालोनी में बैंक कब्जा जमीन की कुछ लोगों के साथ मिलीभगत कर जमीन को पत्नी के नाम करवाने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने बैक मैनेजर की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध असला रखने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश की टीम द्वारा पीओ आरोपी गांव खरक भूरा जिला जींद निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी दीपक को सीआईए पुलिस द्वारा सेक्टर 18 ड्रेन पुल के पास से अवैध पिस्तौल व 4 कारतूस सहित पकड़ा गया था।

---

*43.97 करोड़ रुपये की लागत से नर्सिंग कालेज तैयार*

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुरुक्षेत्र से किया गुरु ब्रह्मानंद नर्सिंग कालेज भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कुरुक्षेत्र से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले के गांव धेरडू में बने गुरु ब्रह्मानंद नर्सिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन किया। उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल व पूंडरी विधायक सतपाल जांबा मौजूद रहे। उदघाटन अवसर पर कॉलेज परिसर में भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक सतपाल जांबा के प्रतिनिधि के तौर पर उनके भाई लाभ सिंह व गांव की धेरडू गांव की सरपंच कुसुम लता विशेष रूप से मौजूद रहे।

### कालेज का क्षेत्र 4.60 एकड

कालेज का क्षेत्र लगभग 4.60 एकड़ है। यह भवन करीब 43 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से तैयार हुआ है। इसमें तीन फ्लोर बनाए गए हैं, जिनमें कम्प्यूटर लैब, लेक्चर हॉल, लाइब्रेरी, कैंटीन, मल्टीपर्पज हॉल, स्टाफ रूम, प्रिंसिपल ऑफिस, नर्सिंग फाउंडेशन लैब, प्री-क्लीनिकल लैब, शौचालय आदि बनाए गए हैं। इसके अलावा लड़के व लड़कियों के लिए अलग अलग होस्टल, स्टाफ क्वार्टर आदि भी बनाए गए हैं। पूंडरी विधायक सतपाल ने जांबा इसके लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। अपने संदेश में कहा कि यह कालेज ग्रामीण क्षेत्र में बनाया गया है। जल्द ही यहां युवाओं को मेडिकल की शिक्षा मिलेगी। ग्रामीण बच्चों की सुविधा के लिए नर्सिंग कालेज में सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं।



कैथल। धेरडू में बने गुरु ब्रह्मानंद नर्सिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन करते पदाधिकारी।

### आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को भी काफी फायदा मिलेगा

उन्होंने कहा कि यह जिले का पहला राजकीय नर्सिंग कॉलेज है। इस कॉलेज के बनने से कैथल जिला ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार चहुंमुखी विकास कार्य करवा रही है कालेज के उद्घाटन के अवसर पर कॉलेज परिसर में राजकीय मेडिकल कॉलेज जींद के निदेशक डॉ. राजीव महेंद्रु, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, करनाल से प्रोफेसर डॉ. राजेश गर्ग, एचएसवीपी करनाल के एसई धर्मबीर मेहला, जेई दीपक भारद्वाज, ईश्वर सिंह साकरा, निधि मोहन, कुलदीप गिरी, रघुबीर सिंह, जितेंद्र, डा. सतपाल, मनीष जांगड़ा, नरेश, शेर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

*अग्रोहा मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज*

# दूषित पानी निकासी विवाद में व्यक्ति को मारी तीन गोलियां

## आरोपित तथा घायल आपस में चाचा-ताऊ के बेटे

**संजीव के पेट, जांघ तथा पैर में लगी गोलियां**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव डूमरखां कलां में नाली सफाई के दौरान महिलाओं के बीच हुई कहासुनी के दौरान हुई फायरिंग में एक व्यक्ति को तीन गोलियां लगी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नरवाना नागरिक अस्पताल से अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव डूमरखां कलां निवासी संजीव (42) तथा मनजीत परिवार की महिलाओं के बीच शुक्रवार को नाली सफाई को लेकर कहासुनी हो गई। झगड़ा इतना बढ़ गया कि मनजीत ने अपना लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर संजीव पर फायरिंग कर दी। जिसमें संजीव के पेट, जांघ तथा पैर में तीन गोलियां लगी। जिसमें संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए नागरिक अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजीव की गंभीर हालात देख अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सूचना पाकर सदर थाना नरवाना प्रभारी तथा सीआईए स्टाफकर्मी मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। बताया जाता है कि आरोपित मनजीत तथा घायल संजीव आपस में चाचा व ताऊ के बेटे हैं और रिश्ते में एक दूसरे के भाई हैं। मकान साथ होने के कारण गंदे पानी की नाली सफाई को लेकर अक्सर कहासुनी होती रहती थी। शुक्रवार को विवाद इतना बढ़ा की तैश में आए मनजीत से संजीव पर अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से चार फायर किए। जिसमें तीन गोलियां संजीव को लगी। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### छापेमारी जारी

सदर थाना नरवाना प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित तथा घायल एक ही परिवार से हैं। दोनों परिवारों की आपस में नही बनती थी। शुक्रवार को दोनों परिवारों में कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपित ने अपने रिवाल्वर से गोलियां मार कर घायल कर दिया। आरोपित की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना शहर क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक 315 बोर देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई राममेहर की टीम शाम के समय गश्त दौरान चंदाना गेट कैथल पर मौजूद थी। जहां पर पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की शिवनगर से सिला खेड़ा रोड जींद खनोरी बाईपास के पास एक युवक किसी के इंतजार में खड़ा है। जो अपने साथ नाजायज असला लिए हुए है। जिसको रेड करके काबु किया जा सकता है।

### गांजा पत्ती के साथ एक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने सोमनाथ मंदिर के पीछे एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 14 किलो 600 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि ओम नगर निवासी रवि नशीले पदार्थों का करोबार करता है। वह सोमनाथ मंदिर के पीछे से नशीले पदार्थ लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मंदिर के पीछे निगाह रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक व्यक्ति कट्टा उठाए आता दिखाई दिया। जब व्यक्ति को रोक कर कट्टे की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे उसमे गांजा पत्ती बरामद हुई। जिसका वजन 14 किलो 600 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान ओम नगर निवासी रवि के रूप में हुई।

---

*पुलिस की गाड़ी को देख ठेका छोड़ सेल्समैन फरार*

# ड्राई-डे पर खुले मिले दो शराब ठेकों को किया सील

**गांव गतौली तथा नरवाना में आदेशों की अवमानना**





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला पुलिस ने जुलाना इलाके तथा शहर थाना नरवाना इलाके ड्राई डे पर शराब ठेके खोलने की सूचना मिलने पर छापेमारी की। छापे की भनक लगने पर सेल्जमैन शराब ठेके छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुला कर दोनों शराब ठेकों सील करवा दिया है। संबंधित थाना पुलिस मामलों की जांच कर रही है। जुलाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ड्राई डे पर शाम को गांव गतौली शराब को खोला गया गया है।

### नई अनाज मंडी के पास शराब ठेका खुला मिला

*सूचना पाकर आबकारी विभाग के एईटीओ सुमित मौके पर पहुंच गए और शराब ठेके को सील कर दिया। वहीं शहर थाना नरवाना प्रभारी मनोज कुमार शहर में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान नई अनाज मंडी के निकट शराब ठेका खुला दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देख कर सेल्जमैन वहां से खिसक गया। सूचना पाकर आबकारी विभाग के निरीक्षक संदीप मौके पर पहुंचे और शराब ठेके का सील कर दिया। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि दो अक्टूबर को ड्राई डे घोषित है। बावजूद इसके चोरी छुपे दो स्थानों पर शराब ठेके खुले पाए गए।*

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति ने फंदा लगाया, मौत

**जींद।** राजनगर में संदिग्ध हालात के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। राजनगर निवासी विरेंद्र (34) ने बीती देर शाम अपने मकान मे फांसी लगा ली। घटना के दौरान पत्नी तथा बच्चे बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने विरेंद्र को फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विरेंद्र फलों की रेहड़ी लगाता था।

---

**लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में खरीदें प्लॉट**

# उचाना कलां व पालवां में पनप रही अवैध कॉलोनियों पर विभाग सख्त

**सस्ते प्लाट के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आकर अवैध कॉलोनियों में न खरीदें प्लाट**



जींद। अवैध निर्माण गिराते हुए। फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि डीसी मोहम्मद इमरान रजा के दिशा-निर्देशानुसार उचाना नगरीय क्षेत्र की राजस्व सम्पदा गांव उचाना कलां एवं पालवां में एनएच 352 पर लगभग 13 एकड़ भूमि में पनप रही अवैध कॉलोनियों में निर्मित कच्ची सड़क नेटवर्क, कॉलोनी की चारदीवारी को शुरूआती चरण में जेबीसी मशीनों की मद्द से हटाने की विभाग द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई है ताकि आमजन अवैध कॉलोनियों में जमीन खरीदने बारे जागरूक हो सकें और अवैध कालोनाइजेशन को समय पर रोका जा सके। इस दौरान उचाना थाना के एसएचओ पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में गांव में लगभग 13 एकड़ भूमि में भू मालिकों द्वारा बिना विभागीय अनुमति के कच्ची सड़कों का निर्माण करके अवैध कालोनी विकसित करने का मामला आया था। जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भूस्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर कॉलोनी विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे।

### कार्रवाई होगी

जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों को आग्रह किया गया कि वह सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनी में प्लाट आदि खरीदने में अपनी मेहनत की कमाई बरबाद न करें क्योंकि कार्यालय द्वारा अवैध कालोनियों में निर्मित निर्माणों पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला नगर योजनाकार द्वारा आमजन से यह भी अपील की वे लाइसेंस प्राप्त कालोनियों व घोषित वैध कॉलोनियों के अंदर ही अपने प्लाट खरीदें।

---



सीवन। सोथा रोड पर दबी सड़क की बदहाल स्थिति दिखाते प्रधानाचार्य राजेश मुंजाल।

**विद्यार्थियों को भारी परेशानी**

# सीवरेज व्यवस्था ने बिगाड़ी सोथा सड़क मार्ग की हालत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सीवन

नगर की सीवरेज व्यवस्था अव्यवस्थित होने के कारण सोथा रोड पर रहने वाले लोगों और यहां से होकर गुजरने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के कार्य ने पूरी सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया था। नतीजा यह है कि आज यहाँ गड्ढों और धंसी हुई सड़कों से वाहन चालकों और पैदल चलने वालों का गुजरना दूभर हो गया है। सोथा रोड पर स्थित गीता एस.डी. स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश मुंजाल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। सीवरेज दबाने के लिए सड़क की बार-बार खुदाई की गई। एक बार नहीं, बल्कि लगभग दस बार सड़क की खुदाई की गई, जिसके कारण सड़क पूरी तरह से खराब हो गई। जब लंबे समय के बाद सड़क का निर्माण हुआ, तब भी वह कुछ ही दिनों तक चल सकी।

### पाइप लाइन लीकेज

प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि हाल ही में बरसात का पानी सीवरेज लाइन में छोड़ा गया, जिसे आगे एसटीपी तक भेजा गया। लेकिन पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज होने के कारण सड़क बैठ गई। परिणामस्वरूप स्कूल की बसों, अभिभावकों, छात्रों और स्टाफ को स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सोथा रोड पर बने घरों में रहने वाले सभी लोग इस समस्या से लंबे समय से परेशान हैं। यह सड़क आगे सौथा, हरनौला, सैर, जनेदपुर, पहाड़पुर और अन्य डेरा जात को सीवन नगर से जोड़ती है, लेकिन खराब हालत के कारण आवागमन कठिन हो गया है। वाहन चालकों को रोजाना खतरा उठाना पड़ रहा है। लोगों ने बार-बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

---

# धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा : बेदी

- प्रदेश की मंडियों में पुख्ता प्रबंध किए, किसान चिंता न करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि धान का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसके लिए किसानों को बिल्कुल चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसानों की सुविधा अनुसार खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए प्रदेश की मंडियों में पुख्ता प्रबंध किए हैं। सरकार की हिदायत है कि धान खरीद व उठान प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से चलाने के किसानों को फसल की रकम अदायगी तय समय में करना सुनिश्चित रखें।





जींद। समस्याएं सुनते हुए मंत्री बेदी। फोटो : हरिभूमि

### खरीद प्रक्रिया को हर लिहाज से सुचारू रखने के निर्देश

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने यह बात शुक्रवार को नरवाना स्थित अपने निवास स्थान पर जन समस्याएं सुनते कही। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नरवाना की अनाज मंडी में धान खरीद तथा उठान प्रक्रिया सही तरीके से हो इसके लिए कैबिनेट मंत्री की राइस मिलर्स, मंडी एसोसिएशन के साथ वीरवार रात्रि को बातचीत हुई। इसके अलावा मार्केट कमेटी के पदाधिकारी और विभाग के अधिकारियों से भी विचार विमर्श किया गया और खरीद प्रक्रिया को हर लिहाज से सुचारू रखने के निर्देश दिए और खरीदी गई धान के तुरंत उठान के लिए भी कहा गया है ताकि किसानों को और धान लाने में परेशानी ना हो।

---

**परेशानी** | **स्वास्थ्य विभाग को मिली एक और डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट, आंकड़ा 30 पहुंचा**

*स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2015 में डेंगू के सबसे अधिक 668 मामले मिले थे*

# रामराय गेट की कालोनी में सामने आया चिकनगुनिया का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग को रामराय गेट की कालोनी में चिकनगुनिया का पहला मामला मिला है। वहीं एक डेंगू पॉजिटिव की भी रिपोर्ट मिली है। जिसके चलते जिला में डेंगू पॉजिटिव का आंकड़ा 30 पर पहुंच गया है। मलेरिया का भी एक मामला स्वास्थ्य विभाग को मिल चुका है। डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया के मामलों में वृद्धि न हो, इसके लिए गांवों तथा शहर में डेंगू और अन्य बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग फील्ड में उतरा है। विभाग को वर्ष 2015 में डेंगू के सबसे अधिक 668 मामले मिले थे।



जींद। फील्ड में जाकर बीमार मिले लोगों के खून के सैंपल लेते स्वास्थ्य कर्मी।

### 30 वर्षीय युवक संक्रमित

रविदास मोहल्ले में स्वास्थ्य विभाग को चिकनगुनिया का मामला मिला है। वहीं खूंगा कोठी गांव में डेंगू का 30वां केस मिला है। 30 वर्षीय युवक संक्रमित मिला है। शहर में चिकनगुनिया का मामला सामने आने पर शहर के रविदास मोहल्ले के अलावा विभिन्न कालोनियों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के बचाव की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

### अभियान का निरीक्षण

जागरूकता अभियान का निरीक्षण करने पहुंचे जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के जागरूकता अभियान का परिणाम है कि अभी तक जिला में डेंगू के केवल 30 ही मामले सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि जहां-जहां सीवरेज तथा पीने के पानी लीकेज मिलेगी। उसको ठीक करने के लिए तथा जहां-जहां पानी गड्ढों में एकत्रित है।

### यह है लक्षण

यदि सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार, उल्टियां लगने, गर्मी लगने, बुखार एक दिन छोड़ कर दूसरे दिन आने, उल्टी दस्त होने, शरीर में कमजोरी आने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवाने के उपरांत ही इलाज लेना चाहिए। अभियान में मुख्य रूप से विनोद, अमरजीत, गुरनाम, दिनेश, देवेंद्र, ओमप्रकाश, नीलम, रानी, राधा रानी, सूरजमुखी, सीता, सुमन, मंजू रानी, मुकेश, अशमीना, दर्शना, आरती, उर्मिला, राजरानी, पूनम, रानी, सोनिया, सविता आदि शामिल रहे।

तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।

हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

*(**नोट :** इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिजाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण :** -

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया आज हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

## गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की जिंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी जिंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" जिंदगी देखकर अपनी वास्तविक जिंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत जिम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोजानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### महाराजा अजमीढ़ की जयंती कल मनाई जाएगी

**जींद।** मैढ सुनार सभा जींद द्वारा आगामी पांच अक्टूबर को स्थानीय सैक्टर 6 जींद में स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदि देव महाराज अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महाराज अजमीढ़ मंदिर व धर्मशाला प्रांगण में आयोजित इस अवसर पर महाराज अजमीढ़ मन्दिर व धर्मशाला प्रांगण में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सौंपा आरटीए को ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने शुक्रवार को आरटीए जींद से मिल निजी बस संचालकों द्वारा बस पास को मान्य न करने पर दोबारा शिकायत दर्ज कराई व आंदोलन करने के चेतावनी दी है। एबीवीपी के नगर मंत्री प्रतीक शर्मा व यूनिवर्सिटी का अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि काफी लंबे समय से पास उनके पास शिकायत आ रही है कि प्राइवेट बस संचालक बस पास को वैलिड नहीं मान रहे हैं।

### गांव रेवर में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नरवाना।** रेवर गांव में गुंज फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा तीसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जगदम्बे ब्लड सेंटर टोहाना की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के चेयरमैन पवन सैनी व टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच रानी देवी, दयाराम गुर्जर सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति जींद, रिषिपाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### पर्सनल केयर केमिस्ट्री विषय पर दी जानकारी

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में विज्ञान विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इसका विषय पर्सनल केयर केमिस्ट्री रहा। इस कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने किया। विज्ञान विभाग की छात्राओं को संबोधित करते बताया कि कास्मेटिक केमिस्ट्री का प्रयोग सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण में प्रयुक्त रासायनिक यौगिक का विज्ञान है।

### जींद में 4414 मीट्रिक टन धान की खरीद

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गत दिवस तक जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुसार खरीफ विपणन साल 2025-26 के अंतर्गत जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में गत दिवस तक कुल 4414 मीट्रिक टन धान की आवक एवं खरीद दर्ज की गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में धान की खरीद में सर्वाधिक आवक नरवाना मंडी में रही। जहां अब तक 1650 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है।

### डीईओ से मिला प्राइवेट स्कूल का प्रतिनिधिमंडल

**जींद।** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन जींद द्वारा नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा का का स्वागत किया। जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज, जुलाना उपाध्यक्ष डा. नवनीता राठी, अलेवा ब्लॉक प्रधान होशियार सिंह, लाजवंती, पिल्लूखेड़ा से हरपाल , उचाना से साधु राम व सत्यवान नेहरा, राजेश तथा सतीश भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### शरद पूर्णिमा तक बांटी जाएगी खीर वाली दवा

**उचाना।** उचाना शहर के सबसे पुराने राजेंद्र अस्पताल उचाना में सांस, पुरानी खांसी, नजला एवं हृदय रोगियों को खीर वाली मुफ्त आयुर्वेदिक दवा बांटी जाएगी। डा. राजेंद्र कुमार ने बताया कि 4 अक्टूबर से मुफ्त दवा दी जाएगी जो शरद पूर्णिमा तक दी जाएगी। 35 साल से मुफ्त आयुर्वेदिक दवा मरीजों को दी जा रही है।

### कॉलेज में मनाया स्वदेशी सप्ताह

**उचाना।** स्वामी गणेशानंद शिक्षण कॉलेज उचाना कलां में में स्वदेशी सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने स्वदेशी वस्त्रों व उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें घरेलू हस्तशिल्प, मिट्टी के बर्तन, कपड़े और बायोडीग्रेडेबल सामग्री आदि का प्रदर्शन किया गया। साथ ही छात्रों ने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने व इसके लिए लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली।

---

*जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान*

# भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर : पंवार

*देश के 1200 से अधिक उत्पादों को नई पहचान मिली*

**10 वर्षों में उत्पादन और बिक्री में 300 प्रतिशत से अधिक वृद्धि**



कैथल। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार प्रेस से बातचीत करते। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला भाजपा कार्यालय कपिल कमल में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में किया गया। प्रेस वार्ता का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान रहा। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पंवार ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि– आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं बल्कि यह देश की नई सोच और मजबूत संकल्प है। महर्षि दयानंद सरस्वती से लेकर महात्मा गांधी तक सभी ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को भारत के भविष्य की कुंजी बताया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस विचार को धरातल पर उतारा है। शिक्षा, कृषि, उद्योग, विज्ञान, सुरक्षा और कूटनीति हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। कहा कि बीते 10 वर्षों में छोटे उद्योगों के उत्पादन और बिक्री में 300 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। 'एक जिला-एक उत्पाद योजना' के तहत हरियाणा सहित पूरे देश के 1200 से अधिक उत्पादों को नई पहचान मिली है और उनकी बिक्री ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुँच चुकी है। यह छोटे व्यापारियों और कारीगरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पंवार ने रक्षा क्षेत्र की प्रगति का उल्लेख करते कहा कि – "2013-14 में भारत का रक्षा बजट मात्र 686 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। आज भारत के पास आकाश और नाग जैसी स्वदेशी मिसाइलें हैं, जो हमारी तकनीकी शक्ति और आत्मनिर्भर भारत के सफल होते सपने का प्रमाण हैं। शिक्षा क्षेत्र पर बोलते कहा कि नई शिक्षा नीति ने भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देकर स्वाभिमान को सशक्त किया है। अब एमबीबीएस, इंजीनियरिंग और विज्ञान की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में होने लगी है। गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए भारत ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करने की ओर बढ़ रहा है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि – "भारत के लिए आत्मनिर्भरता सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व की आवश्यकता है। जब हर गांव, हर शहर, हर किसान, हर उद्यमी आत्मनिर्भर बनेगा तभी भारत विश्वगुरु बनेगा।

**ये रहे मौजूद**

कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रदेश सह संयोजक संदीप सजूमा, विधायक पूंडरी सतपाल जाम्बा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष कैथल मुनीष कठवाड़, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, राजपाल तंवर व राव सुरेंद्र सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन कैथल सुरभि गर्ग, जिला महामंत्री सुरेश संधू, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र बत्रा, जिला उपाध्यक्ष शक्ति सोथा, जिला सचिव अवदेश किशोर राय आदि मौजूद रहे।

---

# वैदिक संस्कार पुण्य मास का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

आर्य प्रादेशिक उपसभा हरियाणा के संयोजन से डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन में वैदिक-आधारित संस्कार कार्यक्रम पुण्य वैदिक संस्कार मास का शुभारम्भ किया गया। यह मास 2 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक विजय पर्व के रूप में मनाया जाएगा और आर्य समाज से जुड़ी विविध सांस्कृतिक तथा शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पारंपरिक संस्कारों और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित कर उन्हें वेदों द्वारा दिखाए मार्ग पर प्रेरित करना है।


सीवन। डीएवी स्कूल में हवन में भाग लेते प्रधानाचार्य। फोटो :हरिभूमि

**आर्य समाज मानव कल्याण के लिए कार्यरत**

कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मीना मेहता ने यज्ञ के साथ किया। इस अवसर पर डॉ. मेहता ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि आर्य समाज मानव कल्याण के लिए निरंतर कार्यरत है और डी.ए.वी. संस्थान भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को बच्चे-किशोरों तक पहुँचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। वेदों और प्राचीन भारतीय शिक्षा-परंपरा के कारण भारत को पहले 'विश्व गुरु' का दर्जा मिला था, जिसका एक बड़ा कारण शिक्षा और संस्कार थे। परन्तु आज की युवा पीढ़ी का अधिक समय मोबाइल व सोशल मीडिया में व्यतीत होने से पारिवारिक संबंधों में अंतर आ रहा है और सहयोग तथा आदर-सत्कार की भावना कमजोर पड़ रही है।


पूंडरी। डीएवी विजेता छात्र को सम्मानित करते प्राचार्या साधना बक्शी।

### नैतिक हॉकी चैंपियनशिप में द्वितीय

**पूंडरी।** एसजीएफआई की ओर से आयोजित पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रोहतक में हुआ। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के बारहवीं कक्षा के छात्र नैतिक ने अपनी टीम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर की हॉकी टीमों ने भाग लिया था और नैतिक की टीम ने कठिन मुकाबलों के बाद फाइनल में पहुंचकर दूसरा स्थान हासिल किया। नैतिक अपनी टीम के लिए खेलते हुए न केवल खेल कौशल बल्कि नेतृत्व की भी मिसाल पेश करता रहा है। इससे पहले भी नैतिक ने हॉकी टीम के साथ मिलकर कई प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर पदक जीतकर अपनी योग्यता साबित की है। नैतिक की इस उपलब्धि पर डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक सुशील कुमार, दिलबाग, कोमल और अमित भी उपस्थित रहे।

### धन्ना भगत सेवा सदन मंदिर का शिलान्यास आज

**कैथल।** गांव जाखौली में बनाए गए संत शिरोमणि जाट धन्ना भगत सेवा सदन व मन्दिर के शिलान्यास आज शनिवार को किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए होशियार सिंह ने बताया कि सदन का शिलान्यास गनौर से विधायक देवेंद्र कादयान, कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकंद करेंगे। उन्होंने बताया कि यह कदम न केवल गांव के सामाजिक व धार्मिक विकास की दिशा में एक बड़ा योगदान है, बल्कि समाज की एकता और संस्कृति की मजबूती का प्रतीक भी है। इससे गांव की एकता व भाईचारा मजबूत होगा। बताया कि गांव में प्राचीन समय से ही सभी वर्गों द्वारा भाईचारे की मिसाल प्रस्तुत की जाती रही है। बताया कि सभी अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा।

---

### मनखुश ने की एनडीए की परीक्षा पास

**कैथल।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन में पढ़ रहे मनखुश ने गत दिनों एनडीए की परीक्षा दी थी। कल इस परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा को पास करने के लिए मनखुश ने बहुत मेहनत कि उन्होंने बताया कि वह हर दिन 9 से 10 घंटे तैयारी करते थे उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने माता-पिता व अध्यापकों की अहम भूमिका माना है। शिक्षा भारती के छात्र मनखुश ने विद्यालय में अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय द्वारा मनखुश की एनडीए की परीक्षा के परिणाम के बाद मनखुशको विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा विद्यालय के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह के द्वारा समय का महत्वबताते हुए मनखुश को घड़ी से सम्मानित किया गया ताकि भविष्य में आने वाले विद्यार्थी भी समय केमहत्व को समझ सके व भविष्य में सफलता प्राप्त कर सके। विद्यालय के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने मनखुश को बधाई देते हुए बताया कि नर्सरी से 12वीं तक मनखुश ने बहुत मेहनत की से बच्चों को बताया कि वह भी इसी प्रकार भविष्य में सफलता प्राप्त करें।



कैथल। छात्र मनखुश को सम्मानित करते स्कूल पदाधिकारी।


नरवाना। दनौदा खुर्द में मरीजों की जांच करती डॉक्टरों की टीम।

### दनौदा खुर्द में पहुंची मोबाइल अस्पताल फ्री सेवा

**नरवाना।** सेवा और समर्पण भाव से निस्वार्थ जनसेवा ही मानव कल्याण की असल परिभाषा है। भारतीय संस्कृति के इस अमिट सिद्धांत के साथ कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला व विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बाढ़ ग्रस्त और जलभराव ग्रस्त इलाकों में आदित्य सुरजेवाला मोबाइल अस्पतालष जनसेवा की एक और अनूठी पहल की है। अभियान के तहत नरवाना शहर और क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बीमारियों से बचाव के लिए डॉक्टरों सहित निशुल्क मेडिकल वैन का प्रबंध किया गया है। आज इस निशुल्क मोबाइल अस्पताल जनसेवा के तहत आज दनौदा खुर्द गांव में चिकित्सा कैंप लगाया गया। बीते दिनों इस जन सेवा अभियान के तहत गांव भिखेवाला व फरैण कलां में मरीजों का चैकअप किया गया और उन्हें मौके पर ही दवाइयां दी गई। बाढ़ और जलभराव के कारण ग्रामीण इलाकों में बुखार, एलर्जी, खांसी, जुकाम के साथ गंभीर बीमारियां भी महामारी के रूप में फैल रही हैं।

### राधिका ने पास की एनडीए की परीक्षा

**जींद।** महाराजा अग्रसेन स्कूल की छात्रा कुमारी राधिका ने पास की एनडीए की परीक्षा को स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी राधिका पुत्री अमित गोयल ने एनडीए की लिखित परीक्षा पास कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय का स्टाफ व प्रबंधक समिति सदैव समर्पित है। विद्यालय के सभी छात्रों को निरंतर गतिशील रहने की प्रेरणा दी। प्रिंसिपल रीटा अरोड़ा ने छात्रा व उसके माता-पिता को बधाई दी और कहा कि राधिका सरल स्वभाव, अथक परिश्रमी, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित व गुरुजनों का आदर सत्कार करने वाली छात्रा है।


जींद। राधिका को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


जींद। जागरूक करते सीमा। फोटो :हरिभूमि

### जागरूक होना ही साइबर अपराध से बचाव : सीमा

**जींद।** राजकीय रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को साइबर ठगी के बारे में जागरूक किया। एएसआई सीमा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में यात्रियों और ऑटो चालकों को साइबर ठगी के बारे में बताया गया। सीमा ने कहा कि साइबर अपराध के प्रति जागरूक होना ही बचाव है। आजकल ऑनलाइन ठगी होने लगी है। खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं। वहीं लोगों को बैंककर्मी या किसी कंपनी का कर्मचारी बताकर ठग लिया जाता है। कई बार तो झांसे में आकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा देते हैं। इसलिए अब त्योहार का मौसम आ गया है। घरेलू चीजों पर दुकानदार भी छूट के ऑफर देने लगे हैं। ऐसे में साइबर ठग फोन कॉल कर इसी तरह के सामान पर छूट के ऑफर देंगे। इसलिए इस तरह के फोन कॉल आए तो उनके झांसे में न आएं अन्यथा वह ओटीपी भेजकर खाते से राशि निकाल सकते हैं। इस अवसर पर कुलदीप, एसपीओ बलबीर भी मौजूद रहे।

---


जींद। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करती सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

### अभियान से जुड़कर करें नशे पर वार : सीजेएम

**जींद।** मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मोनिका ने शुक्रवार को सोमनाथ मंदिर के निकट नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया और विस्तार से चर्चा करते बताया कि भारत में साल 1985 से एनडीपीएस एक्ट अर्थात नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत होने वाले अपराध संज्ञेय होते हैं और कठोर दंड के प्रावधान इसमें हैं। नशे को मनुष्यों के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 11 उपचाराधीन दिन व्यक्ति उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिशा-निर्देश भी दिए और उनके रहने-सहने के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकरण सचिव ने स्टाफ को निर्देश दिया की व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए था उनके स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी लापरवाही नही की जाए।

# नए सिरे से किसानों की सहमति से ई भूमि पोर्टल पर होगा भूमि का पंजीकरण : डीसी

■ डीसी ने ली आईएमटी परियोजना को लेकर अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद में प्रस्तावित आईएमटी के लिए भूमि खरीद प्रक्रिया को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शुक्रवार को हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के अधिकारियों की बैठक ली। डीसी मोहम्मद इमरान रज्जा ने कहा कि आईएमटी परियोजना के लिए, नए सिरे से किसानों की सहमति से ई भूमि पोर्टल पर जमीन का पंजीकरण होगा। इस प्रक्रिया में प्रशासन की सक्रिय भागीदारी होगी। किसानों की इच्छा से ई. भूमि पोर्टल पर आवेदन लिए जाएंगे। इतना ही नहीं किसान पोर्टल पर अपनी जमीन की कीमत का ब्यौरा भी दर्ज करवा सकते है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा इसको लेकर भ्रांति फैलाई जा रही है। कोई भी किसान एवं जमीन मालिक किसी के बहकावे में न आए। एचएसआईआईडीसी को कहा गया है कि किसानों की सहमति से जमीन ई-भूमि पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की प्रक्रिया दोबारा शुरू करें। इस संदर्भ में संबंधित व्यक्तियों की सहमति जरूरी है। डीसी ने कहा कि सरकार किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित पक्षों से बातचीत करके इस परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व में लिए गए पंजीकरणों को वापस लिया जाएगा और नए सिरे से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित गांवों के किसानों व जमीन मालिकों के साथ बैठक आयोजित करके उनके संशय को दूर किया जाएगा ताकि किसानों को सही जानकारी प्राप्त हो सके। भूमि पंजीकरण की प्रक्रिया भूमि मालिक की सहमति से की जाएगी। बिना सहमति के कोई पंजीकरण नहीं होगा। आईएमटी परियोजना की स्थापना पारदर्शी, न्यायसंगत एवं किसान हितैषी तरीके से की जाएगी।


महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते प्रिंसिपल, अध्यापक व छात्र।

### प्रश्नोत्तरी में बच्चों ने लिया बढ़ चढ़कर भाग

**नरवाना।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और दशहरे पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य रघु भूषण लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि महात्मा गांधी एक अद्भुत व्यक्तित्व थे जिनके बारे में प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि आने वाली पीढ़ियां मुश्किल से विश्वास करेंगी कि हाड़, मांस का ऐसा कोई पुतला जमीन पर आया होगा। गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। वे जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को नहीं मानते थे। उनकी राजनीतिक विचारधारा को लेकर भले ही मतभेद हों, उनके व्यक्तिगत गुणों को लेकर मतभेद की कोई गुंजाइश नहीं है। वे सादगी के प्रतीक थे। उन्होंने अपने तन पर केवल एक धोती ओढ़ कर ही सारा जीवन गुजार दिया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री का नाम भारतीय इतिहास में सादगी और आदर्श के प्रतीक के रूप में हमेशा दर्ज रहेगा।

---

**मानसिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने का अभिन्न अंग**

# माइंड फूलनेस का अभ्यास बहुत जरूरी: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक विद्यार्थियों को संबोधित करते।

गांव कोटड़ा स्थित राजकीय वमावि में राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना के तहत राज्य के 186वें और जिले के 08वें बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केन्द्र की स्थापना मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक द्वारा की। किशोर मानसिक स्वास्थ्य : भावनात्मक बुद्धिमत्ता और आत्म जागरूकता विषय पर सेमिनार का आयोजन भी किया, जिसमें किशोर विद्यार्थियों व उनके शिक्षकों को संबोधित करते मुख्यवक्ता अनिल मलिक ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने का अभिन्न अंग है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति अपनी पूरी क्षमताओं का सही से एहसास करते जीवन में उत्पन्न हो रहे तनाव का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं, उनकी कार्य उत्पादकता अधिक होती है तथा समाज के लिए सकारात्मक योगदान दे पाते हैं। उम्र के विकास के साथ कृत्रिम बुद्धिमता के तकनीकी दौर में भीड़ से अलग ख़ुद की पहचान कायम करने हेतु भावनात्मक बुद्धिमत्ता बढ़ाना ज़रूरी है, इसमें आत्म जागरूकता सहायक सिद्ध होती है । इंसान आत्म जागरूक होगा तभी तो अपनी भावनाओं, विचारों और उन पर अपने प्रभाव को समझने की क्षमता बढ़ा सकेगा, जो भावनात्मक बुद्धिमता के अन्य घटकों, आत्म नियमन और सहानुभूति की आधारशिला है ।

**स्वयं को जानना समस्त ज्ञान का आरंभ**

बाल सुरक्षा के दृष्टिकोण से आत्म जागरूकता बढ़ाने के लिए चिंतन करना, जर्नलिंग सीखना, दूसरों से अपने काम की प्रतिक्रिया लेना और माइंड फूलनेस का अभ्यास बहुत जरूरी है । स्वयं को जानना समस्त ज्ञान का आरंभ है । भावनात्मक बुद्धिमत्ता विकसित करने से बेहतर संचार, संघर्ष-समाधान तथा बेहतर स्वास्थ्य हासिल होता है । आजकल शोषण के मामले बढ़ रहे हैं ख़ुद को जगाएं, संवाद करें तथा ना कहना भी सीखें । परामर्शदाता नीरज कुमार ने किशोरों को समझाया कि अपने मन की चाहत समझें, ग़लत भावना में बहने से बचें तथा अपने माता-पिता से खुलकर बातें करें । अध्यक्षता करते जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान ने कहा कि बाल सुरक्षा के स्पष्ट नियम हैं ख़ुद को जानना, सामाजिक वातावरण की जागरुकता, शारीरिक व मानसिक बदलाव की समझ । विशेष उपस्थिति इंचार्ज रविन्द्र कुमार के साथ शिक्षकगण पवन कुमार, नवनीत कुण्डू आदि की रही ।


जींद। बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### वृद्धि के साथ वेतन देने की मांग

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक जिलाध्यक्ष लोकेश भ्याण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में त्योहार के इस महीने में कर्मचारियों को वेतन समय पर न मिलने पर रोष जताया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा 30 अगस्त को कर्मचारियों के वेतन में पांच प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की थी। उसका हरियाणा कौशल रोजगार निगम को पत्र भी जारी किया गया ताकि समय रहते कर्मचारियों को वेतन मिल सके। इसके लिए पिछले हफ्ते कौशल रोजगार निगम के दफ्तर में अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ का प्रदेश नेतृत्व पहुंचा भी था। तब वहां पर निगम के अधिकारियों ने कहा था इस पर कार्रवाई चल रही है लेकिन अभीतक भी पोर्टल पर पांच प्रतिशत की वृद्धि अपडेट नही की गई है। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम के जींद जिले में हजारों कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में दी जानकारी

**राजौंद।** खंड राजौंद में फसल अवशेष अभियान चलाकर नोडल अधिकारी वकील अहमद जिला सम्पदा अधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग ली। जिसमें फसल अवशेष प्रबंधन की टीमों ने भाग लिया। खंड कृषि अधिकारी डॉ.हरमीत सिंह व बीडीपीओ अनु टांक व पुलिस से सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों मौजूद रहे। वकील अहमद ने कहा कि पराली जलाने से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की निति अपनाकर चलना है।

### स्नेहा मढाढ बनी राजौंद की नायब तहसीलदार

**राजौंद।** नायब तहसीलदार सुरेश कुमार के ट्रांसफर के बाद स्नेहा मढाढ ने नायब तहसीलदार का कार्यभार संभाल लिया है। स्नेहा मढाढ नायब तहसीलदार भल्ला से ट्रांसफर राजौंद में हुई है। बता दें कि नवनियुक्त नायब तहसीलदार स्नेहा मढाढ गांव बीर बांगड़ा की बेटी है उनके राजौंद में नायब तहसीलदार के रुप में कार्यभार संभालने के बाद गांव बीर बांगड़ा के ग्रामीणों व उनके परिवार के लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया।

### राममेहर बने वुशू के खेल तकनीकी अधिकारी

**राजौंद।** 8 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक श्रीनगर में आयोजित होने वाले पुलिस खेलों में डा. राम मेहर सिंह खटकर को तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. खटकर पुलिस खेलों एवं वुशु खेलों के क्षेत्र में अनुभवी विशेषज्ञ हैं और वर्तमान समय में पारुल यूनिवर्सिटी,वडोदरा गुजरात में डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस खेलों में अपनी नियुक्ति पर डॉ. खटकर ने संघ के महासचिव अनिल विज एवं सी.ई.ओ. सोहिल अहमद खान का विशेष आभार व्यक्त किया।

### नमी के नाम पर 200 से 300 रुपये की कटौती

**गुहला-चीका।** चीका अनाज मंडी में धान खरीद में किसानों से की जा रही लूट के खिलाफ शुक्रवार को इनेलो नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। रामपाल माजरा, अनिल तंवर बलकार बल्लू के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने मार्केट कमेटी दफ्तर के बाहर धरना देकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। रामपाल माजरा ने कहा कि सरकार द्वारा तय एमएसपी 2369 से 2389 व 17% तक नमी की छूट है। मंडी में 200 से 300 रुपये तक कटौती की जा रही है।

### अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदने से पहले करें जांच

**जींद।** डीटीपी मनीष दहिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र नरवाना में अवैध कॉलोनियों काटी जा रही हैं। अवैध गतिविधियों में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है। शहरी क्षेत्र नरवाना के राजस्व एस्टेट के खसरा नंबर 136//16, 25 मिन, 137//20 मिन में अवैध रूप से विकसित किए जा रहे भूखंडों, प्लॉटों को चिन्हित किया गया है। इनमें किसी भी प्रकार खरीद व ब्रिकी या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण न किया जाए। ये पूरी तरह से अवैध हैं।

---

### बांगर के दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे से सद्भाव पैदल यात्रा के लिए पांच को निकलेंगे

# पूरे प्रदेश को पैदल नापंगे पूर्व सांसद कांग्रेस नेता बृजेंद्र

**सात माह में अलग-अलग चरणों में 90 विस होंगी कवर**

भूपेंद्र ▶▶ उचाना

हिसार के पूर्व सांसद और कांग्रेस विदेश विभाग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन बृजेंद्र सिंह अगले सात महीने तो पूरे प्रदेश को पैदल नापेंगे। देशभर में निकाली गई नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर सद्भाव पैदल यात्रा पूरे प्रदेश में निकालेंगे। प्रदेश के सभी 90 हलकों में वो अलग-अलग चरणों में पैदल यात्रा के तहत पहुंचेंगे। बांगर के दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे से सद्भाव पैदल यात्रा के लिए पांच अक्टूबर से निकलेंगे। यात्रा को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। बृजेंद्र सिंह की इस यात्रा पर जहां प्रदेश की राजनीति पर नजर रखने वालों की नजर है, वहीं उनकी यह सद्भाव यात्रा खुद बृजेंद्र सिंह और कांग्रेस के लिए काफी अहम मानी जा रही है। सद्भाव यात्रा को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और बृजेंद्र सिंह के पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में उस सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहती है, जिसे भाजपा ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए काफी नुकसान पहुंचाया है। यात्रा के संयोजक पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का कहना है कि पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट और सक्रिय करने के लिए वह यात्रा निकाल रहे हैं।

यात्रा को लेकर प्रदेश के लोगों और खास कर युवा वर्ग में भारी उत्साह उन्हें यात्रा से पहले किए गए प्रदेश के कई जिलों के अपने दौरे में देखने को मिला है।

#### राजनीतिक दलों व राजनीतिक जानकारों की नजर

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की रविवार से शुरू हो रही सद्भाव यात्रा पर हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा से लेकर खुद कांग्रेस पार्टी और भाजपा, इनेलो, जेजेपी जैसे सभी राजनीतिक दलों की नजर लगी हुई हैं। कांग्रेस पार्टी में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह और उनके बेटे बृजेंद्र सिंह वर्तमान राजनीतिक हालात में जनाधार के मामले में कहां खड़े हैं, सद्भाव यात्रा में जुटने वाली भीड़ और इसमें मिलने वाला समर्थन इसे तय करेगा। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति को भी बृजेंद्र सिंह की सदभाव यात्रा प्रभावित करेगी। कांग्रेस में उनके विरोधी यात्रा शुरू होने से पहले ही इसे परोक्ष रूप से खारिज करने लगे हैं। प्रत्यक्ष रूप से उनकी यात्रा को खारिज करने की हिम्मत कांग्रेस में उनके विरोधी इसलिए नहीं जुटा पा रहे। क्योंकि बृजेंद्र सिंह को कांग्रेस विदेश विभाग का राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन खुद राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने नियुक्त किया है। सत्तारूढ़ दल भाजपा की नजर बृजेंद्र सिंह की यात्रा पर इसलिए है कि बृजेंद्र सिंह और उनके पिता चौधरी बीरेंद्र सिंह कांग्रेस के ऐसे नेता हैं, जिन पर कभी जातीय राजनीति करने का ठप्पा उनके विरोधी भी नहीं लगा पाए। उनकी यात्रा में जाट समाज के अलावा दूसरे किन वर्गों के लोग उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैंए यह भाजपा भी देखना चाहती है।

#### 79 साल की उम्र में बेटे के लिए पसीना बहा रहे बीरेंद्र सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अपने बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की रविवार से शुरू होने वाली सद्भाव यात्रा को कामयाब बनाने में 79 साल की उम्र में भी खूब पसीना बहाया है। बीरेंद्र सिंह ने खुद जींद के जुलाना, जींद, भिवानी और हिसार जिले में कई मीटिंग की हैं। सदभाव यात्रा में जुटने वाली भीड़ बताएगी कि बीरेंद्र सिंह द्वारा यात्रा की सफलता के लिए बताया गया पसीना कितना रंग लाता है।

#### जेपी पर तंज, टिप्पणी के लायक नहीं



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

**उचाना।** पांच अक्टूबर को दनौदा गांव से शुरू होने वाली कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में सद्भाव यात्रा को लेकर मीटिंग हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह भी मीटिग में पहुंचे। यात्रा को लेकर जानकारी देते हुए बृजेंद्र सिंह ने बताया कि सदभाव यात्रा की सभी तैयारी पूरी है। दो दिन लगातार नरवाना हलके में रहेगी। सात अक्टूबर को कलायत में यात्रा पहुंचेगी। आने वाले सवा महीने में 14 हलकों में यात्रा रहेगी। यात्रा फेस 2 नांगल चौधरी से शुरू होगा। सद्भाव यात्रा करीब सात महीने चलेगी। एक हलके में दो दिन यात्रा रहेगी। कई शहरी क्षेत्र बड़े होते है वहां कुछ दिन अधिक लग सकते है। पूर्व सांसद ने बताया कि यात्रा के पहले दिन नरवाना हलके के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से शुरू होकर सच्चा खेड़ा, बडनपुर, सुंदरपुरा, धर्मगढ़ के बाद नरवाना में जाट धर्मशाला में रात्रि ठहराव होगा। छह अक्टूबर को बेलरखां से यात्रा शुरू होकर उझाना, नेपेवाला, धनौरी, कोयल पहुंचेगी। मुख्य उद्देश्य छत्तीस बिरादरी का भाईचारा कायम रहे। भाजपा वाले बहुत प्रयास कर रहे है कि अपनी राजनीति को समाज में भेदभाव करके उसको प्रभावित कर सकें। राजनीति मत व्यक्ति का कुछ हो उससे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन राजनीति की वजह से भाईचारा में खराबी, कमी आए वो ना हो ये प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यात्रा में अनेकों मुद्दे हैं जिनमें हरियाणा में बेरोजगारी का मुद्दा है। किसानों, कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दे हैं। वोट चोरी का मुद्दा सबसे बड़ा है। यात्रा के दौरान जो स्थानीय मुद्दे उनको भी उठाया जाएगा। यात्रा के खिलाफ अगर कोई आदमी है तो उनकी बुद्धि पर तरस ही खा सकता हूॅ। कोई व्यक्ति अपने साथियों के साथ सड़क पर भाईचारा का मुदद्दा लेकर चल रहे उसका विरोध कैसे हो सकता है, ये समझ नहीं आता। एक समाज में एकता बनाने के लिए एक कोशिश है जो ईमानदार प्रयास है। हमारी पार्टी का सांसद है जिनकी टिप्पणियों को मैं तव्वजों ही नहीं देना चाहता वो उसके लायक नहीं है जब लायक होंगे तो तब जबाव दूगां।

#### लोगों को गुमराह कर रहे बापू-बेटा



पत्रकारों से बातचीत करते हुए वीरेंद्र घोघड़िया।

**जींद।** उचाना से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके विरेंद्र घोघडिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह तथा उनके पूर्व सांसद बेटे बृजेंद्र पर सद्भावना यात्रा पर निशाना साधा है। जब जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान आपसी भाईचारा खराब हो रहा था। जब किसान आंदोलन में तीन काले कृषि कानून को लेकर किसान जान गंवा रहे थे। उस दौरान बीरेंद्र सिंह तथा बृजेंद्र सिंह आंदोलनों को बेच कर सत्ता की मलाई चाट रहे थे। उस दौरान तो दोनों बाप व बेटों ने सद्भावना को लेकर कोई पहल नही की। उचाना के लोगों के वोट लेकर केवल उनके साथ विश्वासघात किया है। वीरेंद्र घोघडिया शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की जनता को सद्भावना की जरूरत थी, उस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह तथा उनका बेटा बृजेंद्र जनता के हक तथा विश्वास की सौदेबाजी कर रहे थे। बीरेंद्र सिंह तथा बृजेंद्र सिंह कभी उचाना की आवाज नही बने। उन्होंने कभी वोट लेने के बाद कभी उचाना को नही संभाला। अब फिर से यात्रा के नाम पर लोगों का गुमराह करने जा रहे हैं। अब जनता बीरेंद्र परिवार को अच्छी तरह समझ चुकी है। बीरेंद्र सिंह भूपेंद्र हुड्डा पर बृजेंद्र को हरवाने का आरोप लगाते हैं। जबकि भूपेंद्र हुड्डा ने बृजेंद्र सिंह का नामांकन दाखिल करवाया था। दीपेंद्र ने प्रचार किया था। उन पर फंडिंग के आरोप लगे। जबकि उन्होंने जनता के सहयोग से चुनाव लडा था। उन्होंने कहा कि उचाना को पानी की जरूरत है। विधायक देवेंद्र अत्री ने आवाज भी उठाई लेकिन माइनर पर कार्य नही हुआ। उन्होंने कहा कि जनता ने देवेंद्र अत्री पर विश्वास किया है। वह सीएम पत्र दबाव बना कर ढाकल से पानी लाने का काम करें। उन्होंने कहा कि वोट गिनती का मामला एक ड्रामा है। गिनती के दौरान बीरेंद्र सिह तथा बृजेंद्र वहीं पर मौजूद थे। वे जल्द ही उचाना हलके की समस्याओं को लेकर लोगों के बीच जाएंगे और जरूरत पड़ी तो सड़क पर उतरने से गुरेज नही करेंगे।

---

# एसडी स्कूल के खिलाड़ियों ने स्केटिंग इनलाइन में जीता गोल्ड



**नरवाना।** एसडी पब्लिक स्कूल में विजेता छात्रों को सम्मानित करती हुई प्रिंसिपल अनिता मलिक।

- जसदेव धीमान ने 500 मीटर वनलैप व तीन किमी में जीता गोल्ड, वेदांत को मिला कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

रोहतक में आयोजित 19 आयु वर्ग की हरियाणा राज्य स्केटिंग प्रतियोगिता में एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना के छात्रों ने गोल्ड व कांस्य पदक जीत कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रिंसिपल अनिता मलिक ने बताया कि 500 मी. वनलैप और तीन किलोमीटर रेस में कक्षा बारहवीं के छात्र जसदेव सिंह धीमान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किए और कक्षा ग्यारहवीं के छात्र वेदांत ने 1000 मीटर एवं तीन हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। सप्राचार्या अनिता मलिक ने दोनों खिलाडि़यों को गोल्ड एवं कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी। एसडी पब्लिक स्कूल पढ़ाई के साथ.साथ खेलों में अग्रणीय स्थान रखता है। प्राचार्या अनिता मलिक और स्कूल प्रशासक एवं एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र ने शैक्षिक स्तर के साथ-साथ खेलों में भी भरपूर सहयोग एवं बच्चों की रुचि बढ़ाने पर बल दिया।

### सीवन के वार्ड चार की गली नंबर 13 में घंसने लगे मकान, गली निर्माण रोका, डर के साये में लोग



**सीवन।** वार्ड नंबर 13 में पेयजल आपूर्ति के लिए आई हुई नई पाइप।

**सीवन।** नगर के वार्ड नंबर 13 की एक गली में बढ़ती समस्याओं और मकानों में आ रही दरारों के चलते मोहल्ला निवासियों ने गली निर्माण रोक दिया था। लोगों का दावा है कि जमीन के नीचे दबे पेयजल पाइप जर्जर हैं और कहीं-न-कहीं से लीकेज होने के कारण मिट्टी धंसने से मकानों में दरारें आ रही हैं। निवासियों का कहना था कि नीचे दबे पेयजल पाइप जर्जर हालत में हैं और कहीं-न-कहीं से पानी रिसने से मिट्टी धंस रही है—इसलिए पहले पाइप बदलना आवश्यक है। इस पर संज्ञान लेते हुए पार्षद विकास शर्मा ने जन स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर नई पाइप मंगवाने का प्रबंध कराया है। पार्षद विकास शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि निवासियों की मांग पर नई पाइप आ चुकी हैं। पहले पाइप बदलेंगे, उसके बाद ही गली का निर्माण कराया जाएगा। जनता ने हमें विकास कार्यों के लिये चुना है और हम उनकी हर जायज मांग पूरी करने का प्रयत्न कर रहे हैं। पार्षद ने पत्रकारों को बताया कि नई पाइपें आ चुकी हैं और इन्हें बिछाने के बाद ही गली का निर्माण पूरा किया जाएगा। स्थानीय निवासी रमेश शर्मा ने कहा कि हमारी प्राथमिक चिंता परिवारों की सुरक्षा है। मकानों में दरारें बढ़ रही थीं, इसलिए हमने काम रोक दिया।

# राजकीय कालेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

- भाषण प्रतियोगिता में अंतिम प्रथम और सुकांत द्वितीय रहे, किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय जींद में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के उप प्राचार्य डा. रणधीर सिंह ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित करते हैं। हमारे युवा भविष्य के निर्माता हैं और उनकी प्रतिभा को निखारना ही महाविद्यालय का उद्देश्य है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन करते हुए भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी, हरियाणवी परंपरा की प्रस्तुति, चित्रकला, रंगोली, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी, वाद्य यंत्र वादन, एकल अभिनय मोनो एक्टिंग आदि प्रतियोगिताओं में सक्रिय भाग लिया।



**जींद।** प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

#### ये रहा परिणाम

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अंतिम, द्वितीय सुकांत, तृतीय सूरज रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम सुखविंद्र, द्वितीय प्रीति रहे। हरियाणवी परंपरा की प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम कुलदीप, द्वितीय कैलाश, तृतीय वंश भोला ने हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम मोनिका, द्वितीय सक्षम, तृतीय वैशाली रहे। ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम साहिल, द्वितीय वंश, तृतीय दीपक रहे। वाद्य यंत्र वादन का रिजल्ट प्रथम इब्राहिम, द्वितीय गुरदीप, तृतीय कुलदीप रहे। मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम कुलदीप, द्वितीय हर्ष, तृतीय अंशु रहे।

---

# आरपीएस के 91 छात्र एनडीए में पास

- एनडीए व एसएसबी में सफलता का पर्याय बना आरपीएस: सीईओ मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। **फोटो: हरिभूमि**

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले, प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई दी। एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, ईशांत, खुशी, रोबिन, रोहन शामिल हैं।

#### मैनेजमेंट ने बच्चों, स्टाफ व अभिभावकों को दी बधाई

संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि प्रतिभा को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अतिआवश्यक है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड, नीट, जेईई मेन व एडवांस, सीए, क्लैट, इन्टरनेशनल ऑलंपियाड के साथ एनडीए में भी बेहतरीन परिणाम देकर सर्वश्रेष्ठता का परचम लहराया।

### पुलिस को मिली सात वर्षीय नाबालिग बच्ची

**कैथल।** थाना शहर पुलिस कैथल ने मानवता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए लावारिस हालात में मिली करीब 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची को मात्र 2 घंटे में उसके परिजनों से मिलवाकर "सेवा, सुरक्षा और सहयोग" के नारे को चरितार्थ किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना शहर पुलिस को सूचना मिली कि सीवन बाईपास कैथल पर एक नाबालिग बच्ची लावारिस हालात में घूम रही है। सूचना मिलते ही थाना शहर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। बच्ची घबराई हुई थी व अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। एसएचओ इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एसआई राजकुमार के नेतृत्व में टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए पुलिस सूत्रों एवं स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची के परिजनों की तलाश शुरू की।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाली रैली

- एनएसएस स्वयंसेविकाओं का एक दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिंदू कन्या कालेज में एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा एक सफल एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसने सामुदायिक सेवा और सामाजिक जागरूकता की नई मिसाल पेश की। प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में और कार्यक्रम अधिकारी क्रांति के कुशल मार्गदर्शन में इस शिविर में 72 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डा. पूनम मोर ने कहा कि यह शिविर केवल गतिविधियों का समूह नहीं है बल्कि प्रत्येक गतिविधि स्वयंसेविकाओं को कुछ नया सिखाती है। चाहे वह योग हो, स्वच्छता अभियान हो या जागरूकता रैली हर कदम पर छात्राएं नागरिकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाती है। शिविर की शुरुआत स्फूर्तिदायक योग सत्र के साथ हुई। जिसने स्वयंसेविकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार किया। सभी छात्राओं ने मिलकर एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर एकता व समर्पण का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर की सफाई भी की।




**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वयंसेविकाएं।

#### स्वयंसेवकों ने विचारों को किया सांझा

शिविर के दौरान एक महत्वपूर्ण सत्र में स्वयंसेविकाओं ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत में एनएसएस स्वयंसेविकाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार सांझा किए। यह सत्र उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। क्योंकि इसने उन्हें अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को समझनेए नेतृत्व कौशल विकसित करने और सामाजिक परिवर्तन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया। इस गतिविधि ने उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने के लिए सशक्त बनाया। दिन का समापन स्वयंसेविकाओं के गायन और नृत्य के साथ हुआ। जिसने स्वयंसेविकाओं की खुशी और उत्साह को दर्शाया।

---

#### दिल्लूवाला व मांडी खुर्द में चलाया रेपिड फीवर मास सर्वे अभियान

**अलेवा।** उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार अक्टूबर महीने में रेपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते टीमों ने शुक्रवार को दिल्लूवाला तथा मांडी खुर्द में फीवर मास सर्वे अभियान चलाया। टीम ने साफ-सफाई अपनाओ, मच्छरों को दूर भगाओ नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे, टायर व छत पर पड़े कबाड़ की जांच के अलावा नुक्कड़ सभाएं कर पंपलेट बांट रही है। टीम ने 28 लोगों के रक्त के नमूने लिए। टीमें स्कूलों, कालेजों, आंगनबाड़ी केंद्र, मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को डेंगू बुखार के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दे रही है। स्वास्थ्य निरीक्षक ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लोगों के घरों के कोने-कोने तक पहुंच रही हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### जनता को सुरक्षित माहौल देना पुलिस का पहला कर्तव्य : उपासना

# सीसीटीएनएस सिस्टम को अपडेट रखें सभी पुलिस अधिकारी

**समीक्षा बैठक में एसपी के अधिकारियों को निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एसपी उपासना अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

पुलिस लाइन मैदान में बने कार्यालय में शुक्रवार को एसपी उपासना ने पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। इस मीटिंग में डीएसपी बीरभान सिंह, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी गुरविंद्र सिंह सहित सभा थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज व सभी क्राइम यूनिट प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में एसपी ने गंभीर अपराधों की जांच, लंबित मामलों के निपटारे, गिरफ्तारी दर में वृद्धि, नशा व साइबर अपराधों पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा व शिकायत निवारण प्रक्रिया को लेकर निर्देश जारी किए।

एसपी उपासना ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने क्राइम क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम को अपडेट रखें। पुलिस का पहला कर्तव्य अपना काम अच्छे से करते हुए अपराधी को पकड़ कर जनता को सुरक्षित माहौल देना है। उन्होंने सभी को आदेश दिए कि थाना चौकी में आने वाले परिवादियों से अच्छा व्यवहार कर उनकी परिवाद पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलवाने का काम करे।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी करप्शन पर जीरो टॉलरेंस की नीति हर हाल में सुनिश्चित करें। गंभीर व जघन्य अपराधों की जांच में तेजी और समयबद्धता पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हत्या, हत्या के प्रयास, बलात्कार, पॉक्सो व अन्य हिंसक अपराधों के मामलों में शीघ्र कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। नशा मुक्ति अभियान को गति देते हुए डोर-टू-डोर टीम द्वारा नशा बेचने व करने वालों की पहचान कर उपचार एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

#### उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ करें तेज

*उद्घोषित अपराधियों, बेल जम्परों और वांछित अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाने पर भी बल दिया। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एसपी उपासना ने ओवर स्पीड, बुलेट पटाखा, लेन चेंज, नॉइस पॉल्यूशन और ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों में नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करने व वाहन चालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कैथल शहर सहित सभी कस्बों में पुलिस की उपस्थिति और गश्त को और प्रभावी बनाया जाए तथा संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच की जाए।*

#### पारदर्शिता आवश्यक

बैठक के समापन पर एसपी उपासना ने कहा कि अपराध नियंत्रण और जांच में पारदर्शिता, गति और कानूनी मजबूती जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर स्तर पर जवाबदेही तय होगी।